तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 16 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 5वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आज से, 8 वीं की कल से होगी शुरू



# विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, बढ़ा बादलों का घनत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के बीच रविवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने से एक बार फिर मौसम में व्यापक बदलाव आया है। मौसम विज्ञानी आगामी तीन दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं विक्षोभ के प्रभाव से तेज अंधड़ चलने के साथ ही कहीं-कहीं बेमौसम बारिश होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

पिछले एक सप्ताह से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही है तथा दिन का तापमान 35.5 डिग्री पहुंच गया है। मौसम में आए दिन बदलाव के कारण पिछले सप्ताह से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। रविवार को सुबह रोज की तरह धूप निकली लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हुई तथा देखते ही देखते आसमान पर घने बादल छा गए। अपराह्न में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबादी भी हुई। आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण उमस एवं गर्मी बढ़ने से लोग पूरे दिन परेशान रहे। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। शनिवार को आसमान के ऊपरी सतह पर बादलों की सक्रियता बढ़ने के कारण रविवार को अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट जबकि न्यूनतम तापमान में 2.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है तथा न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण मौसम विज्ञानी न्यूनतम पारा में और अधिक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि वर्तमान में उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के ऊपर से गुजर रहा है तथा वर्तमान में मध्यप्रदेश में विक्षोभ का अधिक प्रभाव है। जैसे-जैसे विक्षोभ आगे बढ़ेगा मौसम में बदलाव आएगा तथा तेज रफ्तार हवा चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ने एवं ओले गिरने की संभावना है।

### तेज हवा के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की चेतावनी

**चार महीने से नहीं हुई वर्षा**

मानसून के विदा होने के बाद पिछले 133 दिनों के मानसूनेतर अवधि में इस बार सरगुजा में नाममात्र की भी बारिश नहीं हुई है। ऐसा कम ही होता है जब उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के बावजूद बारिश न हो। लम्बी अवधि तक बारिश होने को गर्मी से जोड़ा जा रहा है तथा पानी के तल को तेजी से नीचे खिसकने का कारण भी माना जा रहा है। इसके पूर्व वर्ष 2022-23 में मानसून के विदा होने के बाद 141 दिन तक, 2016-17 में 125 दिन, 2025-26 में 3 नवम्बर से अब तक 133 दिनों के भीतर बारिश नहीं हुई है। वर्ष 1970-71 में भी 100 दिनों तक बारिश नहीं हुई थी।

**खुले में हजारों क्विंटल धान**

अभी सहकारी समितियों में खुले आसमान के नीचे हजारों क्विंटल धान पड़ा है। विपणन संघ राइस मिलरों को संपूर्ण धान के उठाव का डीओ जारी करने का दावा कर रहा है लेकिन उठाव के धीमी गति के कारण समितियों में धान का अंबार लगा है। ऐसे में आंधी-तूफान के साथ बारिश होने पर खुले में पड़े धान को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होंगी 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षाएं


**अंबिकापुर।** पाचंवीं और आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं 16 मार्च से प्रारम्भ हो रही है। प्राथमिक और माध्यमिक शाला की परीक्षाओं को लेकर जिले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और शनिवार को ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रश्न पत्रों और परीक्षा सामग्रियों का वितरण किया गया है। बता दें कि पांचवीं और आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने बताया कि पांचवीं बोर्ड की परीक्षा 16 से 27 मार्च तक चलेगी। परीक्षा के लिए जिले में कुल 1563 केंद्र बनाए गए है जबकि 5वीं बोर्ड परीक्षा में 16867 छात्र छात्राएं पंजीकृत है। 5वीं बोर्ड की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक चलेगी। वहीं 8वीं बोर्ड की परीक्षा 17 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा के लिए जिले में 751 परीक्षा केंद्र बनाए गए है और जिले में कुल 751 छात्र छात्राएं 8वीं बोर्ड के लिए पंजीकृत है। 8वीं बोर्ड की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है जो नकल प्रकरण पर कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोर्ड परीक्षा के सामग्री का वितरण किया गया। 5वीं बोर्ड की परीक्षा का मूल्यांकन कार्य 30 मार्च और 8 वीं बोर्ड के परीक्षा का मूल्यांकन कार्य 4 अप्रैल से शुरू होगा।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कर रहे थे परिवहन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** फर्जी नंबर प्लेट लगाकर धान उठाव में लगे ट्रक को पुलिस ने जब्त करने के साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह कंवर ने पुलिस से शिकायत की थी कि वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएस 0366 के दो ट्रक अलग अलग क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे है। राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से इस संबंध में अलर्ट मैसेज आया था। ट्रक को धान उठाव व परिवहन कार्य के लिए किराए पर लगाया गया है। सूचना के बाद पुलिस ने चालक राम मानिकपुरी से वाहन के दस्तावेज मांगे गए लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका जिसके बाद वाहन को जब्त कर आरटीओ से जानकारी मांगी गई जिसमें यह पता चला कि उक्त वाहन में फर्जी नम्बर प्लेट लगाया गया है। ट्रक में दो चेचिस नम्बर मौजूद थे जिसमें से एक नम्बर पर कोई वाहन पंजीकृत नहीं था जबकि दूसरे चेचिस नम्बर पर वाहन क्रमांक सीजी 15 डीजे 9799 पंजीकृत पाया गया। उक्त नम्बर के ट्रक को जालसाजी करते हुए नम्बर प्लेट क्रमांक सीजी 07 बीएस 0366 लगाकर फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने वाहन चालक महामाया मंदिर रोड हुसैनी नगर निवासी 27 वर्षीय राम मानिकपुरी आ. बाबूलाल को गिरफ्तार किया गया है जबकि मुख्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### बाजारडांड से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** ग्राम नर्मदापुर माझापारा निवासी रविनाथ भैसा आ. स्व. सुकुल राम (40 वर्ष) 12 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 2156 से अस्पताल के समीप बाजारडांड साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गया था। युवक बाइक को खड़ा कर खरीदारी करने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



रमज़ान मुबारक

छब्बीसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.11 बजे

कल की सेहरी - 4.40 बजे

### 5.14 एकड़ खेत से 62.32 क्विंटल अफीम बरामद

# सरहदी इलाका बना अफीम की खेती का सुरक्षित ठिकाना, सरगना अब तक गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में अफीम की खेती के दो मामले सामने आने के बाद यह साफ हो गया है कि छत्तीसगढ़ का सरहदी इलाका तस्करों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है। तस्कर बेखौफ होकर झारखंड सीमा से लगे क्षेत्रों में अफीम की खेती कर रहे थे और दूरस्थ व पहुंचविहीन क्षेत्र तस्करों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा था। इस बात का खुलासा पिछले दिनों की गई दो कार्रवाई से हो चुका है। पुलिस ने अब तक दोनों कार्रवाई में 6.75 करोड़ रूपए का अफीम बरामद किया है और भाजपा नेता समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है लेकिन बड़ी बात यह है कि गिरफ्तार किए गए लोग सिर्फ और सिर्फ मामूली किसान ही है जबकि सिंडिकेट के मास्टर माइंड अब तक गिरफ्त से बाहर है। इधर प्रशासन ने भी जिलों अफीम, गांजा की खेती खोजने के लिए मैदानी अमले को काम पर लगा दिया है।

**खास बात**

- 6.75 करोड़ रुपए आंकी गई कीमत, अब गांव गांव चलाया जा रहा सर्च अभियान

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड के त्रिपुरी घोरसाडांड और खजुरी के तुर्रीपानी में अफीम की खेती किए जाने की पुष्टि हुई। दोनों ही स्थानों पर अफीम की फसल लहलहा रही थी। तस्कर बेखौफ होकर इन स्थानों पर अफीम की खेती कर रहे थे। इस दौरान कार्रवाई में एक बात सामने आई कि तस्करों ने अफीम की खेती के लिए प्रदेश के दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाया। तस्कर झारखंड की सीमा से बिल्कुल सटे हुए गांवों में अफीम की खेती कर रहे थे। अफीम के खेती में फसल पूरी तरह से पक चुकी थी और आधी से अधिक फसल की तस्करी भी हो चुकी थी। तस्करों ने दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों को सिर्फ इसलिए चुना ताकि वे आसानी से बिना किसी की नजर में आए खेती कर सके और अपने अफीम की बिना किसी रोक-टोक के तस्करी कर सके और तस्कर इसमें कामियाब भी हो गए। घोरसाडांड और तुर्रीपानी पहाड़ के नीचे बसे हुए क्षेत्र है जहां तक लोगों को आवागमन करने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है ऐसे में तस्करों ने इन स्थानों पर अपनी अवैध फसल को जमकर उगाया। जिस दबंगई से तस्कर अफीम की खेती कर रहे थे उससे इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि क्षेत्र में पहली बार अफीम की खेती हो रही थी। संभावना है कि तस्कर इसके पहले भी अफीम की कई फसल उगा चुके है।

**कब तक क्या हुआ बरामद**

बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत त्रिपुरी घोरसाडांड से जड़, ताना, फूल, पत्ती समेत 43. 49 क्विंटल अफीम, 1. 900 किलोग्राम अफीम का लासा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 4.75 करोड़ रूपए आंकी गई है। घोरसाडांड में तस्करों ने 3.67 एकड़ में खेती की थी। इसके साथ ही खजुरी के तुर्रीपानी में 18.83 क्विंटल अफीम बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 2 रूपए आंकी गई है। तस्करों ने तुर्रीपानी में 1.47 एकड़ में खेती की थी। इस तरह बलरामपुर जिले में अब तक 62.32 क्विंटल अफीम 5.14 एकड़ खेत से बरामद किया है जिसकी कीमत 6.75 करोड़ रुपए आंकी गई है।

**मुख्य सरगना अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर**

बलरामपुर जिले में अफीम की खेती के मामले में पुलिस ने अब तक कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। जशपुर जिले से भाजपा नेता और उसका सहयोगी भी शामिल है जिसके माध्यम से खेती कराई जा रही थी लेकिन बड़ी बात यह है कि इस पूरे अवैध कारोबार का संचालन झारखंड के माफियाओं द्वारा किया जा रहा था। माफियाओं ने किसानों की जमीन पर फूलों की खेती के नाम पर अफीम की खेती कराई। पुलिस अब तक गिरोह के सरगना और इस तस्करी में शामिल मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है हालांकि पुलिस का दावा है कि इस मामले में कार्रवाई जारी है और झारखंड के एक सरगना का नाम सामने भी आया है लेकिन फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

**खेतों में अफीम खोजने निकला प्रशासन**

प्रदेश के दुर्ग जिले और बलरामपुर जिले के कुसमी में अफीम की खेती का खुलासा होने के बाद प्रदेश स्तर पर हड़कंप मचा हुआ है। अब शासन ने प्रदेश के जिला अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 15 दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करें जिसके बाद कलेक्टर, एसपी के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, फॉर्म हाउस की बाउंड्री के भीतर सहित अन्य स्थानों पर जांच कराई जा रही है। निर्देश के बाद मैदानी अमला गांव में संभावित स्थानों पर जाकर तलाशी ले रहा है लेकिन फिलहाल कहीं और से अफीम गांजा के फसल की पुष्टि नहीं हुई है।

**मजदूरी देकर कराई गई खेती**

यह बात सामने आई है कि तस्करों ने किसानों को मजदूरी देकर खेती कराई थी। किसानों व ग्रामीणों को शुरुआत में फसल की पहचान नहीं हुई। यहां गांव की महिलाओं और नाबालिग लड़कियों से 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी देकर निंदाई-गुड़ाई कराई गई थी। जनवरी में ग्रामीणों को संदेह हुआ और सरपंच ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन उस समय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। बाद में मामले का खुलासा हुआ। पूछताछ में सामने आया कि झारखंड के जतरा निवासी भूपेंद्र उरांव ने किसानों को मसाले और औषधीय फसल की खेती बताकर अफीम बोने के लिए तैयार किया था। किसानों को यह भी नहीं पता था कि वे अफीम की खेती कर रहे हैं और उन्हें अभी तक कोई पैसा भी नहीं मिला था।

**कराई जा रही है सर्चिंग**

अफीम की खेती के मामले में पुलिस विभाग अपनी जांच कर रही है। जिलेभर में सर्चिंग अभियान चलाकर पता लगाया जा रहा है। गांव, खेत और जंगल में तलाशी ली जा रही है 15 दिनों में रिपोर्ट राज्य शासन को प्रेषित करना हा। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-राजेंद्र कटारा
कलेक्टर बलरामपुर



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

# ट्राला के बीच भिड़ंत में दो चालक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

अम्बिकापुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर चंद्रगढ़ घाट के समीप रविवार दोपहर करीब 12 बजे दो ट्राला वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्राला चालकों को चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल राजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

- चन्द्रगढ़ घाट के समीप नवनिर्मित सड़क पर हुई घटना

जानकारी के अनुसार बलरामपुर की ओर से आ रही ट्राला क्रमांक बीआर 03 जीयू 8779 और अंबिकापुर की ओर जा रही ट्राला क्रमांक सीजी 30 आर 3787 चंद्रगढ़ घाट के पास नवनिर्मित सड़क पर अचानक आमने-सामने हो गईं जिससे वाहन चालको का स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे सका और दोनों ट्रालों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालकों को तत्काल राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि राजपुर क्षेत्र में एनएच 343 मार्ग पर इन दिनों सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है और नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। इसके कारण सड़क पर लगातार धूल उड़ती रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने और नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार उदयपुर ढाब निवासी दिनेश एक्का आ. जंगल साय (28 वर्ष) शनिवार को काम करने सरगवां डिगमा गया था। शाम को वापस आने के बाद सो गया। इसी बीच तबीयत खराब हो जाने पर पत्नी ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन निजी वाहन से युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजन ने कीटनाशक पी लेने की बात पुलिस को बताई। दूसरी घटना में लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी धनियारो पति धरम साय (70 वर्ष) 12 मार्च को भाई सुजन राम की मौत हो जाने के बाद से काफी परेशान थी। भाई के मौत के सदमे को सह नहीं सकी और शनिवार की देर रात शराब के नशे में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्धा को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुबह वृद्धा की मौत हो गई।

# धान का वजन बढ़ाने केन्द्रों में डाला जा रहा पानी, जांच में पहुंचे एसडीएम



**अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अब धान की हेरफेर का एक नया मामला सामने आया है। खरीदी बगरा धान खरीदी केंद्र में धान का वजन बढ़ाने के लिए उसमे पानी का छिडकाव किया जा रहा था। इस बात की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों और राइस मिल संचालकों ने प्रशासन से की। प्रशासन की जांच में कई नमूनों में नमी की मात्रा 40 प्रतिशत से अधिक पाई गई जो मानक से कई गुना अधिक है। इसके साथ ही कई धान की बोरियों में जरई निकल चुके थे। फिलहाल अधिकारी मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे है।

- बलरामपुर जिले के बगरा का मामला, 40 प्रतिशत से अधिक मिली नमी, निकल आई थी जरई

बता दें कि धान खरीदी केन्द्रों बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई। फर्जी किसानों के नाम पर धान खरीदी दर्शाकर राशि आहरित करने का खेल वर्षों से चले आ रहा है और यही वजह है कि उठाव के समय केन्द्रों में धान की मात्रा कम हो जाती है। सूखती की आड़ में धान कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है लेकिन इस बार केन्द्रों में हेराफेरी का नया तरीका सामने आया है। धान खरीदी केन्द्रों में पंप और पाइप के माध्यम से धान के बोरियों की छल्ली पर पानी डाला जा रहा है ताकि बोर का वजन बढाकर खरीदी प्रक्रिया में अनुचित लाभ उठाया जा सके। स्थानीय ग्रामीणों और राइस मिल संचालकों ने इस गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और जांच के लिए अधिकारियों को मौके पर भेजा। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय एसडीएम आनंद नेताम खुद धान खरीदी केंद्र पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने धान की गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए। नमी मापक यंत्र से जांच में कई स्थानों पर धान में नमी निर्धारित मानक से काफी अधिक पाई गई। कुछ नमूनों में नमी की मात्रा 40 प्रतिशत से भी अधिक दर्ज की गई, जो शासन द्वारा तय मानकों से कई गुना अधिक है। सूत्रों के अनुसार, एसडीएम के मौके पर पहुंचने की सूचना मिलते ही धान खरीदी केंद्र के प्रभारी अचानक गायब हो गए। बताया गया है कि खरीदी केंद्र में करीब 13 हजार क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है जिससे उसकी गुणवत्ता को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

### 4.80 हेक्टेयर भूमि आवंटित, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

# मैनपाट में गृह निर्माण मंडल बनाएगा सर्वसुविधायुक्त पर्यटन-आवासीय परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





छत्तीसगढ़ के शिमला नाम से प्रसिद्ध मैनपाट में पर्यटन सुविधाओं और आवासीय विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य सरकार द्वारा मैनपाट में 4.80 हेक्टर (12 एकड़) भूमि अटल विहार योजना हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आवंटित की गई है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि इस भूमि पर आधुनिक एवं बहुउपयोगी पर्यटन आवासीय परिसर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित होने वाली यह परियोजना मैनपाट आने वाले पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित और किफायती ठहराव उपलब्ध कराएगी। श्री सिंह देव ने कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के सक्रिय प्रयासों से संभव हुआ है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मैनपाट छत्तीसगढ़ का विशिष्ट एवं उभरता हुआ पर्यटन गंतव्य है। तेजी से बढ़ रही पर्यटक संख्या को देखते हुए यहाँ आधुनिक सुविधाओं का विकास अति आवश्यक है। हाउसिंग बोर्ड की यह पहल पर्यटन, आवास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी तथा मैनपाट को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करेगी। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने परियोजना को छत्तीसगढ़ के पर्यटन विस्तार के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक पर्यटन सुविधाओं के विकास से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और राज्य का हॉस्पिटैलिटी सेक्टर मजबूत होगा। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने इसे मैनपाट के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह परियोजना स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं व्यापार के अवसर उपलब्ध कराएगी और क्षेत्र की पहचान को नई ऊँचाई देगी। अध्यक्ष श्री सिंह देव ने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ में पर्यटन-आवास विकास के क्षेत्र में गृह निर्माण मंडल की ऐतिहासिक भूमिका को मजबूत करेगी और भविष्य में मैनपाट को एक प्रमुख राष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आधार बनेगी।

**केरल मॉडल की तर्ज पर होगा विकसित**

बोर्ड के अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने बताया कि मैनपाट में लगातार बढ़ते पर्यटक आगमन को देखते हुए इस तरह की सुविधाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। प्रस्तावित परिसर में आधुनिक वेलनेस एवं मनोरंजन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना में केरल मॉडल पर आधारित वेलनेस सेंटर, प्राकृतिक पंचकर्म चिकित्सा, हर्बल स्पा और आयुष सेवाएं प्रस्तावित हैं। साथ ही 24 बाई 7 क्लब हाउस, मिलेट्स कैफे, जिम, स्विमिंग पूल, किड्स प्ले एरिया, स्टीम बाथ और एंटरटेनमेंट ज़ोन विकसित किए जाएंगे। पर्यावरण अनुकूल विकास के तहत ट्री हाउस, कॉटेज और स्थानीय जीवन एवं संस्कृति का अनुभव कराने वाला सांस्कृतिक क्षेत्र भी शामिल होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना से मैनपाट में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में नई संभावनाएं खुलेंगी। गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध होने से पर्यटकों का ठहराव समय बढ़ेगा, जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

### बलरामपुर-रामानुजगंज के 58 पटवारियों का स्थानांतरण

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में एक ही स्थान पर लम्बे समय से पदस्थ हल्का पटवारियों को प्रशासनिक दक्षता के बेहतर संचालन एवं लोकहित में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने 58 पटवारियों को स्थानांतरित किया है। छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता एवं छत्तीसगढ़ भू अभिलेख नियमावली के तहत स्थानांतरित हल्का पटवारियों को एक तरफा कार्यमुक्त कर 16 मार्च को नवीन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने निर्देशित किया गया है। आदेश के तहत राजपुर के 13, रामानुजगंज के 10, रामचंद्रपुर के 2, बलरामपुर के 5, डौरा-कोचली के 2, रघुनाथनगर के 2, वाड्रफनगर के 5, शंकरगढ़ के 9, कुसमी के 9 एवं सामरी के 1 कुल 58 हल्का पटवारियों के पदस्थापना स्थल में बदलाव किया गया है।

## खबर संक्षेप

### गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार द्वारा निराश्रित एवं घुमंतु गौ वंशों के संरक्षण एवं देखभाल के लिए गौ धाम योजना शुरू की। इस योजना का शुभारंभ 14 मार्च को कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस योजना के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाडे, जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, जिपं सदस्य राजेश साहू, जनपद अध्यक्ष सोनहत आशा देवी, धर्मवती राजवाड़े, डिप्टी कलेक्टर अमित गुप्ता, उप संचालक डॉ. विभा सिंह, डॉ.शुक्ला, डॉ.चंदे के अलावा गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष रेवा यादव के अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग बैकुंठपुर विकासखंड अध्यक्ष नवनीत कुशवाहा, राजेन्द्र राजवाडे एवं गौ सेवा आयोग के सभी सदस्यों, कृषक, गोपाल आदि उपस्थित रहे।

### जगतपुर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर



**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एलवीना ग्रेस टोप्पो के निर्देशानुसार शासकीय आयुर्वेद औषधालय उमझर द्वारा ग्राम जगतपुर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई। साथ ही मौसमी और सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में भी परामर्श दिया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएन मिश्रा, आयुष चिकित्सक डॉ. अंजली, फार्मासिस्ट युवराज सिन्हा, एमपीडब्ल्यू नूपेन्द्र साहू तथा योग सहायक कृष्णा राजवाड़े द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में 58 लाभार्थियों ने आयुष सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

### रसोइयों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा देशभर के खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देशभर में एक लाख खाद्य संचालकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में नियंत्रक दीपक अग्रवाल (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) के निर्देश पर अभिहीत अधिकारी नीलम ठाकुर के नेतृत्व में कोरिया जिले के विभिन्न स्कूलों में भोजन बनाने और परोसने में संलग्न रसोइयों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

# 5वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आज से, 8 वीं की कल से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बोर्ड के पैटर्न पर 5 वीं और 8 वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा की शुरूआत 16 मार्च से कक्षा पांचवीं की गणित विषय के साथ परीक्षा की शुरूआत हो रही है और दूसरे दिन 17 मार्च से 8 वीं की परीक्षा भी गणित विषय के साथ शुरू होगी। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है।

जानकारी के अनुसार सरकारी और निजी स्कूलों में 5 वीं और 8 वीं बोर्ड की केन्द्रीयकृत परीक्षा एक साथ संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बीते वर्ष से पांचवीं और आठवीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी बोर्ड के तर्ज पर उक्त कक्षाओं की परीक्षा आयोजित की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 5 वीं की परीक्षाएं सुबह 9 से पूर्वान्ह 11 बजे तक आयोजित होगी, वहीं कक्षा 8 वीं की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। 14 मार्च को जिला स्तर पर प्रश्न पत्रों का वितरण कर दिया गया और आज सभी केन्द्रों तक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र संकुलों के माध्यम से वितरीत कर दिए जाएंगे और निर्धारित समय पर केन्द्रों में परीक्षा शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार आयोजित होने वाले परीक्षा के लिए अंक विभाजन भी कर दिया गया है। कक्षा 5 वीं की परीक्षा 50 अंकों की होगी ,जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा तथा 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित है इसी तरह कक्षा 8 वीं की परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें 80 अंक लिखित एवं 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। मिली जानकारी के अनुसार 5 वीं और 8 वीं केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र वहीं होगा, जहां के विद्यालय में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन उक्त परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्ष दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को बनाया गया है।



### गोपनीय परीक्षा सामग्री किया गया वितरण

कलेक्टर के निर्देशन और जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा के गोपनीय सामग्री का वितरण जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किया गया। इसमें जिले के समस्त संकुल प्राचार्य, सीएसी उपस्थित रहे और गोपनीय सामग्री प्राप्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया तथा शांतिपूर्वक परीक्षा संचालन के लिए दल का गठन किया गया है, जो परीक्षा गतिविधि पर सतत निगरानी रखेंगे। ज्ञात हो कि गत वर्ष से ही पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय और जिला खेल अधिकारी व सहायक संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने प्राचार्यों सीएसी को परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, बैठने की उचित योजना, प्रश्न पत्रों की सुरक्षा तथा उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित संधारण विशेष रूप से सुनिश्चित करने को कहा और कहा कि आप सभी परीक्षा संचालन की रीढ़ हैं।

### 5 वीं की समय-सारणी

| | |
|---|---|
| 16 मार्च | गणित |
| 19 मार्च | अंग्रेजी |
| 23 मार्च | हिन्दी |
| 25 मार्च | पर्यावरण |

### 8 वीं की समय-सारणी

| | |
|---|---|
| 17 मार्च | गणित |
| 20 मार्च | हिन्दी |
| 24 मार्च | अंग्रेजी |
| 30 मार्च | सामाजिक विज्ञान |
| 2 अप्रैल | विज्ञान |
| 6 अप्रैल | संस्कृत |

# एक दिन में राजीनामा के आधार पर 14 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार इस वर्ष नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया गया है।

■ नेशनल लोक अदालत सफल आयोजन

नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक के नेतृत्व में सिविल न्यायालय बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़ के लिए 16 खंडपीठ बनाया गया था। जिसमें न्यायालय में लंबित कुल- 3833 प्रकरणों को राजीनामा के लिए रखा गया था। इसमें कुल- 3063 प्रकरण का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया गया तथा राशि 18142826 रूपए की सेटलमेंट राजीनामा के माध्यम से किया गया। नेशनल लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों में कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार का खंडपीठ गठन किया गया था। राजस्व न्यायालय बैकुंठपुर में कुल 9 खंडपीठ एवं एमसीबी में कुल 19 खंडपीठ का गठन किया गया था। जिसमें राजस्व जिला कोरिया एवं जिला एमसीबी से कुल 11063 राजस्व प्रकरण का निराकरण किया गया है। नेशनल लोक अदालत में बैंक, नगरपालिका, टेलीफोन एवं राजस्व विभाग के कुल 15097 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गए। इसमें कुल 11170 प्रिलिटिगेशन प्रकरण निराकरण किया गया। इस प्रकार जिला बैकुंठपुर कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़ में कुल 18930 प्रकरण रखे गए। इसमें कुल 14233 प्रकरण निराकरण कर 20440974 रूपए का सेटलमेंट राजीनामा के माध्यम से नेशनल लोक अदालत में किया गया।

# ट्रांसफार्मर हटाने पर बवाल, लोगों के विरोध के बाद रूका मामला

**कोरिया कॉलरी।** नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में रविवार को उस समय हंगामा की स्थिति बन गई जब बिजली विभाग के कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के इलाके से ट्रांसफार्मर निकालकर ले जाने लगे। जैसे ही इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को मिली, बड़ी संख्या में नागरिक मौके पर पहुंच गए और ट्रांसफार्मर ले जाने का विरोध करते हुए काम रूकवा दिया।



इस दौरान कई घंटों तक हंगामा चलता रहा। अधिकारियों का कहना था कि दूसरे कॉलरी क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, इसलिए यहां से एक ट्रांसफार्मर वहां ले जाया जा रहा है और इस क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर से ही बिजली आपूर्ति की जाएगी, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया। नागरिकों का कहना था कि अभी दो ट्रांसफार्मरों के रहते ही वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। यदि एक ट्रांसफार्मर हटा दिया गया तो पूरे इलाके में बिजली की भारी समस्या हो जाएगी और बार-बार बिजली कटौती होगी। लोगों ने बताया कि इस समय बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं और गर्मी भी बढ़ रही है, ऐसे में एक ट्रांसफार्मर पूरे क्षेत्र का लोड नहीं उठा पाएगा। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के बीच मध्यस्थता कर माहौल को शांत कराया। महापौर ने स्पष्ट कहा कि कोरिया कॉलरी क्षेत्र से ट्रांसफार्मर नहीं हटाया जाएगा और यहां के निवासियों को बिजली की समस्या नहीं आने दी जाएगी, इसके बाद मामला शांत हुआ और ट्रांसफार्मर को वहीं यथावत रहने दिया गया।

### नवीन कॉलेज जनकपुर में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

**मनेन्द्रगढ़।** शिक्षक वह है जो शिष्य का न केवल ज्ञान बढ़ाएं बल्कि वह है जो शिष्य को ज्ञानी के साथ सामाजिक व व्यवहारिक भी बनाए। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्टीय उच्चतर शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन अभियान के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणालीः प्राचीन भारत में वैज्ञानिक प्रवृत्ति विषय पर एक दिवसीय राष्टीय सेमिनार में अपना उद्बोधन देते हुए विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर अतुल कुमार वर्मा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पढ़ना ही कठिन कार्य है आज जब शिक्षक ही नहीं पढ़ते तो वे विद्यार्थियों से कैसे उम्मीद करेंगे कि वे पढ़ें। इसके लिए पहले शिक्षक को प्रतिबद्ध होना होगा कि वह नियमित रूप से स्वाध्याय करें और तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

# परिवार परामर्श केन्द्र में 4 मामलों की काउंसिलिंग, 2 में समझौता

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस विभाग द्वारा संचालित महिला परामर्श केन्द्र बैकुंठपुर में पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों की काउंसिलिंग कर दो परिवारों के बीच आपसी विवाद के कारण टूटने की कगार पर आए परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस विभाग के महिला परामर्श केन्द्र में ज्यादातर मामले पति-पत्नी विवाद को लेकर आता है, इसके अलावा दो परिवारों के बीच भी कई तरह के विवाद आते रहते हैं, इनमें दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर काउंसिलिंग कर विवादित परिवारों में सुलह कराने की कोशिश की जाती है। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिल रही है, इससे कि कई परिवार विवाद के कारण बिखरने से बच जाते हैं। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन में 14 मार्च को परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 4 प्रकरणों की काउंसिलिंग रखी गई। इनमें आवेदिका सीमा कुर्रे द्वारा पति शीतलेश कुर्रे के विरूद्ध घरेलू हिंसा व मारपीट की शिकायत की गई थी। वहीं दूसरे मामले में आवेदक दूधनाथ निवासी तेंदुआ द्वारा पत्नी जयकुमारी के साथ विवाद के निराकरण और समझौते के संबंध में आवेदन दिया गया था। परामर्श केन्द्र में दोनों पक्षों को बैठाकर काउंसिलिंग की गई और समझाइश दी गई। काउंसिलिंग के बाद 4 में से 2 प्रकरणों में आपसी समझौता कराया गया, जबकि 2 प्रकरणों में अगली काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की गई।



# बासनपारा स्कूल में साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में जिला शिक्षा विभाग एवं ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में साइंस लर्निंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 14 मार्च को शासकीय माध्यमिक शाला बासनपारा में साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया गया।

■ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना उद्देश्य

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक एवं व्याख्याता कमल डडसेना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सोसायटी के सदस्य एवं शिक्षक अमरनाथ सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान पाठक ईश्वरलाल सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बृजलाल दीवान ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का अतिथियों ने अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने स्वयं अपने मॉडलों के कार्य और सिद्धांत को समझाते हुए विज्ञान की रोचकता को प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। मुख्य अतिथि कमल डडसेना ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में जल्द ही इस प्रकार के साइंस लर्निंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे बच्चों में वैज्ञानिक सोच और तार्किक क्षमता का विकास होगा तथा विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी।

# भाजपा संयुक्त मोर्चा का जिला स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त मोर्चा का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य तथा मंडल पदाधिकारियों का संयुक्त रूप से पहला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद सम्मेलन की कार्रवाई भाजपा के जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। इसमें सभी मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय दिया और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा सहित सभी मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री और पदाधिकारियों ने अपनी गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं की जानकारी साझा की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से जोड़ते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत और रीढ़ हैं, जो जनता के बीच जाकर संगठन को मजबूत बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के निःस्वार्थ प्रयासों से ही भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, जो विकास की राजनीति के माध्यम से समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोर्चा संगठन की ताकत होते हैं। जब मोर्चा सक्रिय होता है तो संगठन की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। आने वाले समय में सभी मोर्चा की समन्वित भूमिका भाजपा को और अधिक मजबूत बनाएगी। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि आगामी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मोर्चा अपनी जिम्मेदारियों का सक्रियता से निर्वहन करें, इससे जिले में भाजपा की पकड़ और अधिक मजबूत हो सके। सम्मेलन के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि वे जिले में भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। फूलों की वर्षा के साथ खेली गई फूलों की होली-कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उत्साह और सौहार्द के प्रतीक के रूप में एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा करते हुए फूलों की होली खेली। इस दौरान पूरे परिसर में आनंद, प्रेम और एकता का वातावरण दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश समाज में फैलाते हुए जिले में सकारात्मक माहौल बनाए रखने के लिए कार्य करेंगे।

### अब तक 638 किशोरियों को लगा सुरक्षा कवच

**अनूपपुर।** जिले में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 638 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला एवं गमछा पहनाकर सम्मान किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गुलाब कमरो, जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मनेन्द्रगढ़ रामनरेश पटेल उपस्थित रहे।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत गुमगरा कला में हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत गुमगरा कला में जनपद सदस्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र झारिया के मुख्य आतिथ्य और सरपंच प्रतिनिधि शिवप्रताप उर्रे के अध्यक्षता में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। शुभारंभ मैच ग्राम पंचायत कुन्नी और नेवारडांड के मध्य खेला गया। जनपद सदस्य प्रतिनिधि झारिया ने दोनो टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीम के खिलाड़ियों को अच्छे खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजन राम, गुड्डु सिंह, गोलू साहू, रमेश साहू, कपूर साहू, हाकिम सिंह, ईश्वर उर्रे, सुदामा साहू, अजीमल मरावी, सोनाखंड उर्रे,अरविंद राजवाड़े, रामचरित्र साहू, विजय इंदरवार, बाबा यादव, गुरु उर्रे, पुनित सिंह पैकरा, सुशील सिंह, मनोज सिंह, विक्कू यादव, कपिल देव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री के सलाहकार से मुलाकात



**सूरजपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बृजलाल पटेल ने बताया कि प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. धीरेंद्र तिवारी से उनके शासकीय निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और लंबित मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने आश्वस्त किया कि सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि एनएचएम कर्मचारियों ने अनुकंपा नियुक्ति, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण नीति, नई मानव संसाधन नीति ग्रेड पे स्केल निर्धारण तथा नियमित भर्ती में अनुभव अंक सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 33 दिनों तक आंदोलन किया था, जो सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, बेमेतरा जिला अध्यक्ष पूरन दास, प्रदेश सलाहकार दिनेश खर्कवाल, दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, मोहला-मानपुर जिलाध्यक्ष संतोष चंदेल, गरियाबंद जिलाध्यक्ष अमृत राव भोसले सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भैयाथान मस्जिद में हुआ इफ्तार कार्यक्रम



**भैयाथान।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को भैयाथान स्थित मस्जिद में जनपद उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह द्वारा इफ्तार का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का मुस्लिम समाज द्वारा सराहना की। मुस्लिम समाज के सदर सहित सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम निश्चित ही हमारी गंगा जमुना की ताजगीब की जिंदा रखे हुए है।

## जल जीवन मिशन की मोटर एक पखवाड़े से खराब

# पानी के लिए ग्रामीणों को करना पड़ रहा 5-6 किमी का लंबा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

भीषण गर्मी में विकासखण्ड मुख्यालय में निवासरत लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। शासकीय कर्मचारी हो या फिर स्थानीय नागरिक सुबह होते ही लोग पानी लाने की जुगत में जुड़ जाते हैं। हालत यह है पानी के लिए लोगों को 4-5 किमी तक का सफर करना पड़ रहा है तथा लोग पड़ोस की ग्राम पंचायतों से पानी लाने विवश हो गए हैं।

**खास बात**

- पानी के लिए तरस रहे विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी के लोग

गर्मी बढ़ने के साथ ही विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या पिछले डेढ़ महीने से चल रही है लेकिन पिछले एक पखवाड़े से यह समस्या विकराल बन गई है तथा लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाका होने के कारण विकासखण्ड मुख्यालय में हैण्डपंप सफल है। क्षेत्र के लोगों ने अपनी सुविधा के लिए कुंआ बनवाया है लेकिन पेयजल संकट को देखते हुए स्वयं की जरूरत के लिए पानी को सुरक्षित रखे हैं तथा संकट का हवाला देकर कुंए से पानी भरने का विरोध कर रहे हैं। जलजीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण कर ग्राम पंचायत को सौंप दिया है। पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार पानी की आपूर्ति की जा रही थी। देखरेख एवं नियंत्रण के अभाव में डेढ़ महीने पूर्व योजना की मोटर जलने के बाद पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। गर्मी बढ़ने के कारण अन्य जलस्त्रोत भी सूख गए हैं। ऐसे में लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। विकासखण्ड मुख्यालय में सार्वजनिक उपयोग के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को पास के गांवों से पानी लाना पड़ रहा है। जल संकट का वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों पर कोई असर नहीं है लेकिन छोटे शासकीय कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बाइक से लम्बी दूरी तय कर पानी लेजाता ग्रामीण।

**बाइक, सायकिल एवं कांवर से ढो रहे पानी**

पेयजल संकट उत्पन्न होने के बाद लोग 5-6 किमी दूरी से बाइक, सायकल एवं कांवर से पानी ढो रहे हैं। लोगों को पानी के लिए विकासखण्ड मुख्यालय से 5-6 किमी दूर ग्राम पाल दनौली, कालामांजन एवं रजवारी पारा से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। बाइक एवं साइकिल से पानी लाने में भी लोगों को भारी परेशानी हो रही है लेकिन पैदल कांवर से पानी लाने वाले लोगों को घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है। जल संकट को देखते हुए कई परिवार दूसरी जगह जाने की व्यवस्था ढूढ रहे है। इस भीषण समस्या के निराकरण के लिए लोगों ने कई बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई लेकिन किसी ने भी इस समस्या के निराकरण की पहल नहीं की है। थक-हारकर लोग अब आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा भी अभी तक खराब मोटर को सुधरवाने की पहल नहीं की गई है। पंचायत प्रतिनिधि पीएचई से नई मोटर मिलने की उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

**हैण्डपंप उगल रहे हवा**

विकासखण्ड मुख्यालय में शासन द्वारा जगह-जगह हैण्डपंप लगाए गए हैं लेकिन सभी हैण्डपंप लंबे समय से सूखे पड़े हैं तथा हवा उगल रहे हैं। विभाग द्वारा लम्बे समय से सूखे हैण्डपंपों को सुधारने की पहल नहीं की गई है। हैण्डपंप एवं कुंओं के जवाब देने के बाद एकमात्र विकल्प जलजीवन मिशन की मोटर जलने के बाद पड़ोसी गांवों से पानी लाने के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प भी नहीं बचा है।

**ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी**

योजना पूरी होने के बाद संचालक की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंप दी गई है। योजना के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है।
-आनंद एक्का, एई, पीएचई



## विद्यार्थियों ने टेलीस्कोप से देखा ग्रह-उपग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विज्ञान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए शनिवार को स्काई वाचिंग एंड स्टारगेजिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान संघ के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने विद्यार्थियों के विज्ञान के प्रति विकसित की जा सकने वाली अभिरूचियों से परिचित कराया। जिपं सीईओ विनय अग्रवाल ने विज्ञान में हुए खोजों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान में अपनी रूचि बढ़ाने और नए इनोवेशन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नया रायपुर के निर्माण में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपने कार्यों का उल्लेख करते हुए विज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। प्राचार्य प्रो.रिजवान उल्ला ने छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति विकसित की जा सकने वाली अभिरूचियों को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को टेलीस्कोप के तकनीकी पक्ष की जानकारी दी गई तथा बारी-बारी से टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों-उपग्रहों को दिखाया गया और उसके संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर डॉ.संतोष कुमार देवांगन, प्रभारी रूसा प्रोजेक्ट डॉ.एमएस गुप्ता, शिक्षाविद डॉ.अंजली अवधिया और डॉ.श्रुति झा के प्रति कॉलेज प्रबंधन ने विशेष आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विज्ञान सभा के उपाध्यक्ष एवं डीन मेडिकल कॉलेज कोरबा डॉ.केके सहारे, सरगुजा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अविनाश मेश्राम, सीएसईबी कोरबा इकाई के विज्ञान कार्यकर्ता सुमित सिंह, रविशंकर विवि के खगोल भौतिकविद् डॉ.लक्ष्मीकांत चावरे एवं डॉ.नंद कुमार चक्रधारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अपने फीडबैक में इस तरह के विज्ञान के कार्यक्रम हर वर्ष सरगुजा संभाग के हर जिले में आयोजित करने की मांग की।

## आरटीओ का अधिकारी बताकर युवक से लूट लिए 20 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अस्पताल में भर्ती बेटे से मिलने जा रहे बाइक सवार को रिंग रोड पोल्ट्री फार्म के समीप बुलेट सवार ने न सिर्फ रोक बल्कि अपने आप को आरटीओं का अधिकारी बता कर धक्का मुक्की कर युवक पर्स व जेब में रखे नगद 20 हजार रुपए लूट कर फरार हो गया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

- अस्पताल में भर्ती बेटी में मिलने जा रहा था पिता

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम मरकाडांड निवासी संदीप लकड़ा आ. धनेश्वर लडका (30 वर्ष) 11 मार्च की शाम ससुर रामजन के साथ बाइक से रिंग रोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती बेटी को देखने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रिंग रोड पोल्ट्री फार्म के समीप पहुंचा तभी पीछा कर रहे बुलेट सवार ने रोक कर अपने आप को आरटीओ का अधिकारी एवं अपना नाम सहजोर अली बताया फिर गाली-गलौज करते हुए युवक के पास पर्स में रखे 10 हजार एवं जेब में रखे 10 हजार रुपए को लूट कर फरार हो गया। इधर जब पीड़ित ने आरटीओ में जाकर पता किया तो बताए गए नाम का कोई अधिकारी नहीं था। पीड़ित ने जब पता किया तो पता चला की लूट करने वाला सत्तीपारा निवासी सहजोर अली आ. अयूब ली है। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 126(2), 309(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में महिला इकाई का गठन

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक पीजी कॉलेज के सभाकक्ष में आईबी तिवारी की अध्यक्षता में हुई जिसमें संगठन की महिला इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से भटगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी को महिला इकाई का संभाग अध्यक्ष चुना गया।

इकाई का उपाध्यक्ष श्रीमती देवकी त्रिपाठी एवं श्रीमती ज्योति द्विवेदी, सचिव श्रीमती शशिकला तिवारी, श्रीमती ममता तिवारी एवं श्रीमती नीलम शर्मा, सहसचिव श्रीमती बीना दुबे, अल्पना मिश्रा, स्मिता तिवारी एवं प्रियंका चौबे एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती रेणुका शुक्ला, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना शुक्ला, मीडिया प्रभारी श्रीमती अलका मिश्रा तथा संरक्षक श्रीमती किरण मिश्रा एवं श्रीमती जयंति तिवारी को नियुक्त किया गया। बैठक में शहर के वरिष्ठ विप्र बंधुओं एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रेम कुमार शर्मा, हरिशंकर त्रिपाठी, हरिकिशन शर्मा, श्रीमती चंदा शुक्ला, श्रीमती लीलावती पाण्डेय तथा वरिष्ठ पत्रकार अजय नारायण पाण्डेय, अनंगपाल दीक्षित, सुरेन्द्र तिवारी, संजय तिवारी, नंदकेश्वर पाण्डेय, डी.एन. द्विवेदी, विजय शुक्ला, केदार पाठक, डी.के. पाण्डेय शामिल थे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमकुमार शर्मा ने अपने में कहा कि ब्राह्मण समाज भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का मार्गदर्शक रहा है। ब्राह्मण समाज का दायित्व केवल अपने समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समूचे समाज को सही दिशा देना भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक मूल्यों में आ रही गिरावट और विभिन्न प्रकार की विकृतियों को दूर करने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। इसके लिए ब्राह्मण समाज को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज को जागरूक करना होगा। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाते हुए युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक सनातन धर्म की रक्षा और उसके मूल्यों का संरक्षण प्रभावी ढंग से नहीं हो सकेगा। ब्राह्मण समाज को अपने गौरवशाली इतिहास और परंपराओं को स्मरण करते हुए समाज में नैतिकता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा सनातन धर्म में जो विकृतियां समय के साथ उत्पन्न हुई हैं, उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी भी ब्राह्मण समाज की है। सर्व धर्म समभाव की भावना के साथ सनातन धर्म को मजबूत बनाने की दिशा में संगठित होकर कार्य करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने संबोधित किया। इस दौरान नवनियुक्त महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने भी अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन दिनेश मिश्रा ने किया। इस दौरान रविंद्र तिवारी, अभिषेक शर्मा, मुन्ना पाण्डेय, अतुल त्रिपाठी, बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, देवेश शुक्ला, वसुधा तिवारी, रेणुका शुक्ला, ममता दुबे सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।



## नेशनल लोक अदालत में 78893 प्रकरण में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। नेशनल लोक अदालत में 78 हजार 893 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। यह नेशनल लोक अदालत सिर्फ जिला एवं सत्र न्यायालय तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसमें कुटुम्ब न्यायालय, तालुका न्यायालय प्रतापपुर बाल न्यायालय और जिले के सभी राजस्व न्यायालयों को भी शामिल किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य न्याय की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाते हुए, प्री-लिटिगेशन एवं लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाना था।

- कियागया 12 करोड़ 82 लाख 57 हजार 268 रूपये का अवार्ड पारित

लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के कोर्ट रूम में हुआ, जहां श्रीमती विनीता वार्नर ने द्वीप प्रज्वलन कर इस न्याय पर्व की शुरुआत की। इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी, बैंक, नगरपालिका तथा विद्युत विभाग जैसे विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत के दौरान देखने को मिला, जहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश की खंडपीठ में एक मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। न्यायालय की संवेदनशीलता मामले की एक महिला पक्षकार बीमार होने के कारण न्यायालय में उपस्थित होने में असमर्थ थीं। पक्षकार की विवशता को देखते हुए न्यायाधीश ने तकनीक का उपयोग करते हुए उन्हे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे न्यायालय से जोड़ा। न्यायाधीश ने बीमार महिला पक्षकार से विस्तार से बात की और प्रकरण के निराकरण के संबंध में उनकी राय जानी। महिला द्वारा अपनी सहमति देने के बाद, मौके पर ही सफलतापूर्वक निपटारा कर दिया गया। वर्ष 2026 की इस पहली नेशनल लोक अदालत मामलों के निराकरण हेतु जिले में कुल 32 खंडपीठ का गठन किया गया था। इन खंडपीठों में सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, वर्षों से लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक व राजस्व मामले तथा बैंक संबंधित लेन-देन, बिजली, टेलीफोन सेवा तथा जल के बकाया बिलों से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामलों की सुनवाई हुई।

खंडपीठों ने मामलों को गहनता से समझा और दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समाधान निकालते हुए हजारों प्रकरणों का आपसी समझौता के आधार पर निराकरण किए। नेशनल लोक अदालत में लाभान्वित पक्षकारों को खंडपीठों द्वारा फलदार पौधे भेट कर सम्मानित किया गया। पहली नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 3813 लंबित प्रकरण एवं 96353 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 78893 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण कर कुल 12 करोड़ 82 लाख 57 हजार 268 रूपये का अवार्ड पारित किया गया।



## आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ करें संघर्ष : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा बचाव संग्राम और संगठन को वार्ड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बलरामपुर जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव विशेष रूप से जुड़े और संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 17 मार्च को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया।

- मनरेगा बचाव संग्राम को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम ने ली बलरामपुर जिले की वर्चुअल बैठक

पूर्व डिप्टी श्री सिंहदेव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से कम से कम दो वाहन तथा सभी फ्रंटल संगठनों से प्रत्येक ब्लॉक स्तर से कम से कम एक वाहन में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक एकता कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को मजबूत करना चाहिए। बैठक में जिला प्रभारी के शफी अहमद ने कहा कि मनरेगा बचाव संग्राम केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा का जन आंदोलन है। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर करने की कोशिशों का सबसे ज्यादा असर गांवों के गरीब परिवारों पर पड़ता है, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इस आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाएं। उन्होंने बलरामपुर जिले की भौगोलिक दूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी रायपुर दूर होने के बावजूद जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने संसाधनों के साथ अधिकाधिक संख्या में विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल हों। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए मंडल स्तर के माध्यम से वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से प्रभारी नियुक्त कर सभी बूथ और वार्ड कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें तथा एक माह के भीतर इसका विस्तृत प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजें। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव ने कहा कि बलरामपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से रायपुर की दूरी अधिक होने के कारण आने-जाने में तीन दिन तक का समय लगता है इसके बावजूद जिले के कांग्रेसजन महाराज साहब के नेतृत्व में विधानसभा घेराव में प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वर्चुअल बैठक में पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, डॉ. अजय तिर्की, राजेन्द्र तिवारी, विजय पैकरा, अजय गुप्ता, राजीव सिंह, हरीश मिश्रा, अजय सोनी, नन्हे लाल गुप्ता, संजीव गुप्ता, अब्दुल्ला, नीरज तिवारी, समीर सिंह देव, सुनील सिंह, जितेंद्र गुप्ता, राजेन्द्र भगत, मोनीस अब्दुल्ला, दीपक यादव, अशोक जयसवाल और अश्विन यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए।



**मनरेगा बचाओ संग्राम अंतर्गत कांग्रेस का 17 को विस घेराव**

**बिश्रामपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम अंतर्गत कांग्रेस 17 मार्च को छत्तीसगढ़ विधानसभा का घेराव करेगी। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और मनरेगा बचाव संग्राम संयोजक उमेश पटेल की अगुवाई में प्रदर्शन रायपुर में होगा। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए है। प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महासचिव सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप ने बताया कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने के आड़ में मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म कर दिया है, मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में औसतन मात्र 50 दिनों का ही रोजगार मजदूरों को दिया है, उसमें भी मजदूरी भुगतान को लेकर कई मामले लंबित है,जबकि पिछली कांग्रेस की सरकारों में मनरेगा मजदूरों को 100 दिन काम की गारंटी थी,कांग्रेस सरकार में मनरेगा में केंद्र 90 प्रतिशत और राज्य 10 प्रतिशत भुगतान किया करती थी जिससे मजदूरों के भुगतान में कोई कमी अथवा देरी नहीं होती थी,अब मोदी सरकार ने इस अनुपात को बदलकर 60:40 कर दिया है,पहले ही आर्थिक असंतुलन से जूझ रही राज्य सरकार कई विभागों में संचालित दर्जनों योजनाओं का भुगतान करने में असमर्थ है। कई सरकारी और निजी निर्माण एजेंसियां का भुगतान सालों से लंबित है, ऐसे में 40 प्रतिशत मनरेगा भुगतान का भार राज्य सरकार के वश से बाहर का खर्च है। इसको बहाना बनाकर सरकार मनरेगा को खत्म करने के रास्ते में है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा मजदूरों में बड़ी निराशा है। एक तो रोजगार की गारंटी होने के बावजूद काम नहीं मिलना और दूसरा मजदूरी भुगतान में व्याप्त अनिश्चितता से मजदूर अपने भविष्य को लेकर बेहद चिंतित है। श्री फिलिप ने बताया कि विधानसभा घेराव के माध्यम से कांग्रेस गरीबों,मजदूरों और ग्रामीणों के अधिकारों के लिए चल रहे संग्राम को नई मजबूती प्रदान करेगी।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720 9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411